उन्नाव पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 26.08.2023**

**थाना बांगरमऊ ,जनपद उन्नाव।**

- **22 अगस्त को थाना बांगरमऊ क्षेत्रांतर्गत न्यू कटरा कॉलोनी में व्यक्ति की हत्या कर शव को जलाने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार**

- **श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय बांगरमऊ के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में दिनांक 22.08.2023 को एक व्यक्ति की हत्या कर शव को जलाने की घटना कारित करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।**

- **संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 22.08.2023 को सन्तोष कुमा कनौजिया उर्फ बिहारी पुत्र बैजूलाल कनौजिया नि0मो0 न्यू कटरा कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 45 वर्ष के मकान में एक अज्ञात पुरुष का जला हुआ शव मिला था, शव की शिनाख्त प्रमोद उर्फ शर्वांग बाबा पुत्र चमनलाल उम्र करीब 50 वर्ष निवासी लंढोरा थाना मंगलोर जनपद हरिद्वार ( उत्तराखण्ड) के रुप मे हुई, जो एक तांत्रिक था। जिसकी मकान मालिक संतोष उपरोक्त से 10-12 साल से जान पहचान थी । थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा संतोष उपरोक्त को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो संतोष ने बताया कि शर्वांग बाबा (मृतक) को वह बांगरमऊ लेकर आया था, शर्वांग बाबा ने मेरे पुत्र को सट्टे का आदी बनाया था, जिस कारण 1.5 वर्ष पूर्व मेरे पुत्र द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी, अपने पुत्र की मृत्यु के सम्बन्ध में सर्वांग बाबा से जानकारी करने पर बाबा द्वारा उसके मृत पुत्र को अपशब्द कहे गये । संतोष द्वारा अपने पुत्र के सम्बन्ध में ऐसी बातें सुनकर क्षुब्ध होकर योजनाबद्ध तरीके से अपने साथी शेरू उर्फ शेर सिंह पुत्र रमेश कुमार नि0मो0 मुन्नूमियां तलैया कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 30 वर्ष के साथ मिलकर प्रमोद उर्फ शर्वांग बाबा की हत्या कर शव को जला दिया था। उपरोक्त घटना के संदर्भ में थाना बांगरमऊ पर मु0अ0सं0-332/2023 धारा 302/201 भा0दं0वि0 पंजीकृत कर दोनों अभियुक्तगण को गिरफ्तार करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

- **गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

  1.सन्तोष कुमा कनौजिया उर्फ बिहारी पुत्र बैजूलाल कनौजिया नि0मो0 न्यू कटरा कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 45 वर्ष

  2.शेरू उर्फ शेर सिंह पुत्र रमेश कुमार नि0मो0 मुन्नूमियां तलैया कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 30 वर्ष

- **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

  निरीक्षक श्री नईम खान
  उ0नि0 श्री दिलीप कुमार प्रजापति
  का0 कुशलपाल सिंह
  का0 ओमवीर सिंह



**प्रेस नोट- दिनांक 26.08.2023**
**थाना मौरावां ,जनपद उन्नाव।**

उन्नाव पुलिस

# दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

- **श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय पुरवा के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मौरावां पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

- **संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 05.08.2023 को थाना मौरावां पर मु0अ0सं0 399/2023 धारा 376/323/504/506 आईपीसी पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 26.08.2023 को उ0नि0 श्री विजय कुमार मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त प्रवीण कुमार पासी पुत्र बैजनाथ नि0 ग्राम छोटी बहुतिया मजरा गुलरिहा थाना मौरावां, उन्नाव को ग्राम छोटी बहुतिया से गिरफ्तार किया गया।

- **गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**
  1. प्रवीण कुमार पासी पुत्र बैजनाथ नि0 ग्राम छोटी बहुतिया मजरा गुलरिहा थाना मौरावां, उन्नाव

- **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**
  1. उ0नि0 श्री विजय कुमार
  2. कां0 दिग्विजय सिंह

